# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, रविवार,1 मार्च 2026


### सुविचार



अकेलापन कई बार अपने आप से सार्थक बातें करता है। वैसी सार्थकता भीड़ में या भीड़ के चिंतन में नहीं मिलती।

-राजेंद्र अवस्थी

### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- क्लीनर को डंपर से रौंदकर भागा चालक II
- सुरभि के कथक में जीवंत दिखीं अमृता III
- शीतल ने पैरों से लगाया अचूक निशाना IV




### रमजान का 11वां दिन

**सहरी**
सुन्नी : 5:09
शिया : 4:59

**इफ्तार**
सुन्नी : 6:10
शिया : 6:19

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### शहर में आज



- मनकामेश्वर वार्ड के झूलेलाल पार्क में नव निर्मित अटल बिहारी वाजपेयी वॉलीबाल कोर्ट का उद्घाटन समारोह और जिला स्तरीयवॉलीबाल प्रतियोगिता– 8:00 बजे से ।
- राष्ट्रीय एक्यूपंचर दिवस पर विकासनगर स्थित अपेक्स एक्यूपंचर सेंटर एंड पैन क्लीनिक में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर –10 :00 बजे से।
- गोमती नगर विकल्प खंड स्थित रेल विहार कालोनी परिसर मेंनव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका श्रम शक्ति सम्मान कार्यक्रम– 11 :30 बजे से।
- ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में आर्याश्री शिक्षा समिति की ओर से गुलजार नगर की झुग्गी के बच्चों का वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम– 3 :00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# ट्रेनों में चढ़ने के लिए मारामारी, जगह नहीं मिली तो की बसों की सवारी

- प्रमुख रेलवे स्टेशन पर बढ़ी होली पर घर जाने वालों की भीड़
- बड़ी संख्या में अनारक्षित टिकट के यात्री आरक्षित बोगियों में घुसे



बस स्टेशन पर खड़े यात्री।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** शहर के चारबाग, सिटी, ऐशबाग और बादशाह नगर रेलवे स्टेशनों पर शनिवार दोपहर बाद होली पर लखनऊ और आसपास से घर जाने वाले यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। टिकट काउंटर से लेकर प्लेटफार्मों तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। ट्रेन आते ही बोगियों में चढ़ने के लिए मारामारी मच जाती। जिसे जहां जगह मिली वहीं जम गया। यहां तक कि अनारक्षित टिकट पर के यात्री स्लीपर कोच में घुस गए। ट्रेनों में जगह न मिलने पर बड़ी संख्या में यात्रियों ने बस स्टेशनों का रुक किया और बसों से यात्रा की।



चारबाग स्टेशन में वाराणसी सलटर ट्रेन में चढ़ने के लिए जद्दोजहद करते यात्री।

रविवार को साप्ताहिक अवकाश है, उसके बाद 2 से 4 मार्च तक होली का अवकाश है। इसके चलते लखनऊ और करीबी जिलों में नौकरी करने वाले ज्यादातर लोग और शहर में पढ़ने करने वाले विद्यार्थी शनिवार को ही अपने-अपने घरों के लिए रवाना होने लगे। इससे दोपहर बाद से रेलवे स्टेशनों से लेकर बस स्टेशनों तक भीड़ बढ़ने लगी। बहराइच, श्रावस्ती, वाराणसी, गोरखपुर, बस्ती, प्रयागराज और बलरामपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक रही।



आलमबाग बस स्टेशन पर दूसरे यात्री से बस की जानकारी करता यात्री।

वाराणसी जाने वाले एक यात्री ने बताया कि स्टेशन पर भीड़ को देखते हुए पर्याप्त व्यवस्था नहीं दिख रही है। प्रयागराज जाने वाले यात्रियों ने ट्रेन में चढ़ने में कठिनाई की बात कही। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी के जवानों को यात्रियों को व्यवस्थित ट्रेन में चढ़ाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्टेशन के प्लेटफॉर्म के साथ-साथ सर्कुलेटिंग एरिया में भी निगरानी बढ़ा दी गई है। रेलवे कर्मचारियों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले।

### 1000 से अधिक बसें चला रहा परिवहन निगम

- ट्रेनों में भीड़ बढ़ने के कारण कई यात्रियों ने रोडवेज बसों का रुख किया। दोपहर बाद आलमबाग और अवध डिपो पर भी यात्रियों की भीड़ देखी गई। परिवहन विभाग ने यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसों की संख्या बढ़ाई है। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय के अनुसार 1000 से अधिक बसें संचालित की जा रही हैं और अतिरिक्त बसें आरक्षित रखी गई हैं। बस अड्डों पर 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती की गई है ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# होली पर चकाचक होगी शहर की सफाई, तीन बार मिलेगा पानी

## अधिकारियों-सफाईकर्मियों की छुट्टी निरस्त, मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** होली पर शहर की सफाई चकाचक की जाएगी और लोगों को दिन में तीन बार पानी की आपूर्ति भी होगी। इसके लिए नगर निगम और जलकल विभाग ने रोस्टर तैयार कर लिया है। नगर निगम के अधिकारी और सफाईकर्मियों होली पर छुट्टी नहीं ले सकेंगे और न ही नगर आयुक्त की अनुमति के बिना अधिकारी मुख्यालय छोड़ सकेंगे। अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर, सफाई निरीक्षक और सुपरवाइजर सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। निरीक्षण के दौरान यह देखेंगे कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के साथ वार्डों में झाड़ू लगे और कूड़ा उठान किया जाए। सफाईकर्मियों की उपस्थिति की जांच भी करेंगे। इस संबंध में नगर आयुक्त गौरव कुमार ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

4 मार्च को ही सफाईकर्मियों की होली की छुट्टी रहेगी। उस दिन रोस्टर के अनुसार सफाईकर्मी की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके लिए लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए), लॉयन इनवायरो और कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

एलएसए के प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन ने बताया कि होली के दिन सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए विशेष समुदाय के कर्मचारियों को लगाया जाएगा। इसके अलावा जो कर्मचारी स्वेच्छा से कार्य करना चाहेंगे उन्हें अतिरिक्त वेतन दिया जाएगा। पिछली बार सफाईकर्मी होली पर लंबी छुट्टी पर चले गए थे, जिससे शहर में शहर में जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लग गए थे। एक हफ्ता घरों से कूड़ा नहीं उठा था।

### दोपहर 12 से 2 बजे तक उच्च दबाव के साथ ओवरहेड टैंकों से होगी जलापूर्ति



- अमृत विचार, लखनऊ : 4 मार्च को होली के दिन जलकल विभाग तीन बार पानी की आपूर्ति करेगा। जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि ऐशबाग जलकल, बालागंज जलकल और तृतीय जलकल कठौता से निर्धारित समय के अनुसार जलापूर्ति की जाएगी। इन केंद्रों से सुबह 5 से 9 बजे तक, दोपहर 12 से शाम 3 बजे तक तथा शाम 5 से रात 9 बजे तक पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा सुबह 5 से रात 9 बजे तक नलकूपों से सीधे जलापूर्ति की जाएगी। दोपहर 12 से 2 बजे तक उच्च दबाव के साथ ओवरहेड टैंकों से जलापूर्ति होगी। जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या रहती है वहां पानी के टैंकर लगाए जाएंगे। जनता की सुविधा के लिए जलकल अभियंताओं के मोबाइल फोन 24 घंटे ऑन रहेंगे।

### जलकल एक्सईएन के नंबर

| जोन | अधिशासी अभियंता | मोबाइल |
|---|---|---|
| जोन-1 | उत्कर्ष राय | 8177054071 |
| जोन-2 | सुनील कुमार | 8177054020 |
| जोन -3 | प्रदीप यादव | 8177054064 |
| जोन-4 | अमरेंद्र प्रताप सिंह | 8177054007 |
| जोन -5 | ओम प्रकाश | 8173002451 |
| जोन-6 | धर्मेन्द्र कुमार सत्संगी | 8177054060 |
| जोन-7 | ओम प्रकाश राम | 8177054080 |
| जोन-8 | अमरेंद्र प्रताप सिंह | 8177054007 |
| विकास नगर | अनिल यादव | 8177054007 |

- जलकल कंट्रोल रूम के नंबर – 8177054100, 8177054003 एवं 8177054010
- सुएज इंडिया कंट्रोल रूम टोल फ्री नंबर – 18003130522

### होलिका दहन के लिए देशी गाय के गोबर से बनाए लट्ठे



- **अमृत विचार, लखनऊ** : नगर निगम ने होलिका दहन के लिए कान्हा उपवन गोशाला में देशी गाय के गोबर से विशेष लट्ठे तैयार कराए हैं। इन लट्ठों का धार्मिक, आध्यात्मिक तथा पर्यावरण की दृष्टि से विशेष महत्व बताया जा रहा है। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि गोबर से बने लट्ठे होलिका दहन से वातावरण को शुद्ध एवं पवित्र बनाते हैं, तथा प्रदूषण में कमी लाते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक नागरिक मात्र 5 रुपये प्रति लट्ठे की दर से प्राप्त कर सकते हैं। 200 से अधिक लट्ठों की खरीद पर नि :शुल्क होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए सोनू सिंह से मोबाइल नंबर 9140876200 एवं 9451149355 पर संपर्क किया जा सकता है।

### होलिका दहन स्थल पर कब्जा, नगर निगम मुख्यालय में धरने पर बैठे लोग



नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे लोग।

- अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड में बिल्डर ने होलिका दहन स्थल पर कब्जा कर लिया है। इसके विरोध में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष आलोक वर्मा के नेतृत्व में लोगों ने नगर निगम मुख्यालय स्थित नगर आयुक्त और महापौर कार्यालय के बाहर धरना देकर नारेबाजी की। आरोप है कि नगर निगम में शिकायत के बाद भी कब्जा नहीं हटवाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कब्जा नहीं हटवाया गया तो नगर निगम मुख्यालय आकर होली मनाएंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि होलिका दहन स्थल पर कब्जे की शिकायत नवंबर में की गई थी, लेकिन नगर निगम अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने शहीद भगत सिंह वार्ड 2 के ग्राम जैनाबाद में जलनिकासी की गंभीर समस्या भी उठाई। कहा, क्षेत्र में सीवर लाइन के पाइप कम व्यास के डाले गए हैं, इससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। गंदा पानी सड़कों व गलियों में पानी बह रहा है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने कार्रवाई के आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

### 3729 स्थानों पर किया जाएगा होलिका दहन

**अमृत विचार, लखनऊः** होलिका दहन से लेकर रंगोत्सव तक हॉट स्पॉट्स पर लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस की विशेष नजर रहेगी। यही नहीं पूर्व में होली के मौके पर हंगामा करने वाले लोगों को पुलिस ने पाबंद भी किया है। इसके अलावा पुलिस सोशल मीडिया पर भी निगाह रखेगी। जिससे कि होली के दौरान कोई अफवाह फैलाने का प्रयास करे तो उसे चिन्हित करके उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था बब्लू कुमार ने बताया कि शहर में 3729 स्थानों पर होलिका दहन की अनुमति दी गई है। 2 फरवरी से 4 फरवरी के बीच होलिका दहन, रंगोत्सव, शोभायात्रा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए पूरी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कई स्थानों पर मॉकड्रिल भी की गई है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

सोशल मीडिया पर पुलिस की 24 घंटे नजर रखी जाएगी। जेसीपी का कहना है कि होलिका दहन, शोभायात्रा व होली का आयोजन कर रहे लोगों के साथ मीटिंग भी की गई है। उनसे होली का त्योहार सही से मनाने के लिए अनुरोध किया गया है। इसके अलावा एलआईयू और लोकल थानों की मदद से ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया, जिन्होंने पूर्व में हंगामा किया है। ऐसे लोगों को हंगामा करने की आशंका के चलते पाबंद किया गया है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि चार एडीसीपी, 12 एसीपी, 17 19 इंस्पेक्टर, 72 सब इंस्पेक्टर, 400 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 22 ट्रैफिक इंस्पेक्टर्र, 75 ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर, 660 ट्रैफिक सिपाही 660, 80 होमगार्ड, 14 कंपनी पीएसी के अलावा वायरलेस यूनिट और एलआईयू टीमें मुस्तैद रहेंगी।

# केजीएमयू में ए-पॉजिटिव और एबी-पॉजिटिव रक्त की कमी

- रोजाना 80-90 यूनिट की मांग के मुकाबले स्टॉक बेहद कम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में इन दिनों ए-पॉजिटिव और एबी-पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की गंभीर कमी बनी हुई है। प्रदेश के सबसे बड़े ब्लड सेंटर में शामिल केजीएमयू ब्लड बैंक में पूरे उत्तर प्रदेश से मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में रक्त की कमी से इमरजेंसी सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका है।



विभागाध्यक्ष प्रो. तूलिका चंद्रा ने बताया कि ए-पॉजिटिव रक्त की 80 से 90 यूनिट तक प्रतिदिन मांग रहती है। इस ग्रुप का कम से कम 200 यूनिट रक्त स्टॉक होना आवश्यक है। इस समय स्टॉक 35 से 50 यूनिट के बीच ही बचा है। इसी तरह एबी-पॉजिटिव रक्त का स्टॉक भी न्यूनतम 100 यूनिट होना चाहिए, किंतु फिलहाल केवल 20 यूनिट ही बचा है।

संस्थान प्रशासन ने ए-पॉजिटिव और एबी-पॉजिटिव ब्लड ग्रुप वाले लोगों से अपील की है कि वह अपनी सुविधा अनुसार किसी भी समय आकर रक्तदान करें। ब्लड बैंक 24 घंटे खुला रहता है और दान की पूरी प्रक्रिया चिकित्सकीय स्टाफ की निगरानी में की जाती है।

### 18 से 65 वर्ष आयु के लोग कर सकते हैं रक्तदान

- डॉक्टरों के अनुसार, 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग के स्वस्थ व्यक्ति, जिनका वजन 50 किलोग्राम से अधिक और हीमोग्लोबिन 12 .5 ग्राम प्रतिशत से ऊपर हो, रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान से पूर्व पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है।

### सभी जांचें नि:शुल्क

- दान किए गए रक्त की न्यूक्लिक एसिड टेस्टिंग (एनएटी) के माध्यम से एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, सिफिलिस और मलेरिया की जांच मुफ्त की जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि नियमित स्वैच्छिक रक्तदान से न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि रक्तदाताओं के स्वास्थ्य को भी लाभ होता है।

### ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया बलरामपुर अस्पताल में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर वितरण



- **अमृत विचार, लखनऊ :** ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्वास्थ्य जागरूकता शिविर व दिव्यांग कृत्रिम अंग–सहायक उपकरण वितरण महाअभियान के अंतर्गत बलरामपुर अस्पताल में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। हजारों दिव्यांग मरीजों की सुविधा के लिए बड़ी संख्या में व्हीलचेयर व स्ट्रेचर अस्पताल को प्रदान किए गए। निदेशक डॉ. कविता आर्या और सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने ट्रस्ट की सेवाओं की सराहना की। कोविड काल में राशन, मास्क, सैनिटाइज़र, नेबुलाइज़र व रक्त उपलब्ध कराने सहित शिक्षा सहयोग में ट्रस्ट की भूमिका उल्लेखनीय रही है। अध्यक्ष राजीव मिश्रा ने नर सेवा को नारायण सेवा बताते हुए निरंतर सहयोग का संकल्प दोहराया।

### सिटी ब्रीफ

#### होली पर पिक्चर पोस्टकार्ड की प्रस्तुति

**अमृत विचार, लखनऊ :** रंगों का त्योहार होली भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख और हर्षोल्लास से परिपूर्ण पर्व है, जो आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। इसी सांस्कृतिक धरोहर को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से डाक विभाग की ओर से विशेष पिक्चर पोस्टकार्डों का चयन किया गया है। इन पोस्टकार्डों में होली के विविध रंग, परंपराएं और लोक जीवन की सजीव झलक दर्शायी गई है। 2 मार्च को प्रात : 11 :00 बजे जीपीओ परिसर में इनका लोकार्पण मुख्य अतिथि चीफ पोस्टमास्टर जनरल उत्तर प्रदेश परिमंडल प्रणव कुमार की ओर से किया जाएगा।

#### तीन दिन बंद रहेगा चिड़ियाघर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ स्थित नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान तीन दिनों तक बंद रहेगा। चिड़ियाघर निदेशक संजय कुमार बिस्वाल ने बताया कि होली के पर्व के मद्देनजर 2, 3 और 4 मार्च को चिड़ियाघर बंद रहेगा। इस दौरान आम दर्शकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। 5 मार्च से चिड़ियाघर पूर्व की भांति नियमित समय पर दर्शकों के लिए खोल दिया जाएगा।

# प्रभावी संवाद, टीमवर्क से बेहतर होंगे उपचार परिणाम

- कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में सॉफ्ट स्किल्स वर्कशॉप आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में हेल्थवर्कर्स के व्यक्तित्व विकास एवं कार्यकुशलता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सॉफ्ट स्किल्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र में प्रभावी संवाद और टीमवर्क की महत्ता पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी दक्षता के साथ-साथ प्रभावी संवाद, टीमवर्क एवं संवेदनशील व्यवहार का विशेष महत्व होता है। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार से उपचार प्रक्रिया अधिक सकारात्मक बनती है।विशिष्ट अतिथि प्रो. विनोद जैन ने चिकित्सकीय सेवाओं में सॉफ्ट स्किल्स की भूमिका को मरीजों की संतुष्टि एवं बेहतर उपचार परिणामों से जोड़ते हुए अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि संवाद कौशल और पेशेवर आचरण चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

इस अवसर पर डॉ. अर्चना गौतम, कार्यकारी कुल सचिव डॉ. आयुष लोहिया, सीएमएस डॉ. विजेंद्र, एमएस डॉ. वरुण विजय और डीन प्रो. सबुही कुरैशी सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

**सेमिनार**

विशेषज्ञों ने कहा, नई तकनीक से मरीजों की सुरक्षा कई गुना बढ़ी

# एआई की मदद से ऑपरेशन से पहले जोखिम का सटीक आकलन संभव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब ऑपरेशन से पहले बेहोशी (एनस्थीसिया) देना और भी सुरक्षित हो गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित तकनीक की मदद से मरीज की सांस की नली में सिकुड़न का सटीक आकलन किया जा सकता है। साथ ही ऑक्सीजन के लिए डाली जाने वाली नली को सही स्थान पर बिना जटिलता के पहुंचाकर सुरक्षित तरीके से सांस दी जा सकती है।

आईसीयू में वेंटिलेटर पर भर्ती मरीजों का इलाज भी अब अधिक सुरक्षित हो सकेगा। ये जानकारी किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने शनिवार को एक होटल में आयोजित सेमिनार में दी। एआईडीएए लखनऊ शाखा ने 'एयरवे मैनेजमेंट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं सिमुलेशन की भूमिका' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। इसमें कुलपति ने कहा कि एआई एयरवे मैनेजमेंट को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। ऑपरेशन थिएटर और इमरजेंसी स्थितियों में एआई का उपयोग मरीज की सुरक्षा को कई गुना बढ़ा सकता है।

एनस्थीसिया विभाग के डॉ. तन्मय तिवारी ने बताया कि एयरवे मैनेजमेंट, यानी सांस के रास्ते को सुरक्षित रखना, बेहोशी और आपातकालीन चिकित्सा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। एआई से युक्त मॉनिटरिंग सिस्टम मरीज की दिल की धड़कन, ऑक्सीजन स्तर, ब्लड प्रेशर और श्वसन दर जैसे मानकों का लगातार विश्लेषण करते हैं। किसी भी पैरामीटर में असामान्य बदलाव होने पर सिस्टम तुरंत डॉक्टर को अलर्ट कर देता है। उन्होंने बताया कि नाक, मुंह या गले के रास्ते नली डालते समय चोट और रक्तस्राव का खतरा रहता है, जिसे नई तकनीक से काफी हद तक कम किया जा सकता है।

डॉ.तन्मय ने स्पष्ट किया कि एआई डॉक्टरों का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी निर्णय क्षमता को सशक्त बनाने का माध्यम है। एआई आधारित निर्णय सहायता प्रणाली और टेली-सपोर्ट तकनीक से ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में भी उच्च गुणवत्ता वाली एनेस्थीसिया एवं एयरवे सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद व अन्य।

### दवा की सही डोज तय करने में सहायक

- एनस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका कोहली ने कहा कि एआई तकनीक मरीज की उम्र, वजन, स्वास्थ्य स्थिति और सर्जरी की प्रकृति के आधार पर एनेस्थीसिया दवाओं की उपयुक्त मात्रा सुझाने में मददगार है। इससे ओवरडोज या अंडरडोज का खतरा कम होता है। हालांकि अंतिम निर्णय डॉक्टर ही लेते हैं।

### सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण जरूरी

- टाटा मेमोरियल अस्पताल के डॉ. सोहन सोलंकी ने सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हाई-फिडेलिटी सिमुलेशन लैब में जटिल परिस्थितियों का अभ्यास कर डॉक्टर वास्तविक ऑपरेशन थिएटर में होने वाली संभावित गलतियों को कम कर सकते हैं। इससे टीमवर्क, संचार कौशल और संकट प्रबंधन क्षमता भी बेहतर होती है। कार्यक्रम में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के डॉ. विशाल देव सहित कई विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### लुटेरा गिरफ्तार बाइक बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटा गया मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है। इंस्पेक्टर कुलदीप उपाध्याय ने बताया कि आरोपी अनस सआदतगंज के झड़ियन तालाब का रहने वाला है। आरोपी ने सी-ब्लॉक निवासी आशुतोष त्रिपाठी का मोबाइल छीना था।

### चोरी की बाइक संग आरोपी धरा गया

**अमृत विचार, लखनऊ :** नशे के लिए बाइक चोरी करने वाले युवक को गाजीपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पंकज निषाद उर्फ गुरूद्दीन बहराइच के फखरपुर का रहने वाला है। 27 फरवरी को संजयगांधी पुरम निवासी निसार अहमद कादरी ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी कैद हुआ था। आरोपी के खिलाफ पूर्व में वाहन चोरी के सात मामले दर्ज हैं।

### तमंचा लहराने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकासनगर पुलिस ने तमंचा लहराने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का वीडियो सोशल मीडिया पर शुक्रवार को वायरल हुआ था। आरोपी मोहम्मद वसीक थाना क्षेत्र के मामा चौराहा झोपड़पट्टी में रहता है। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा व कारतूस बरामद कर आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### एक्सयूवी सवार दो दोस्तों पर हमला

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा स्थित हाजी कॉलोनी के पास दो दर्जन से अधिक हमलावरों ने एक्सयूवी सवार युवकों पर जानलेवा हमला कर गाड़ी में तोड़फोड़ की। दुबग्गा के हाजी कॉलोनी निवासी मोहम्मद अदनान खान ने बताया कि वह अपने साथी अब्दुल रहमान के साथ एक्सयूवी से घर लौट रहे थे। गद्दी बगिया के पास लाठी-डंडे व हथियारों से लैस करीब 25-30 लोगों ने गाड़ी को घेरकर पीटा। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उनका थाने तक पीछा करते रहे। इस दौरान अदनान के कपड़े भी फाड़ दिए गए। एफआईआर करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को एक वीडियो साक्ष्य के रूप में सौंपा है।

### जमीन पर कब्जे के विरोध में युवक का सिर फोड़ा

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा स्थित मुन्नूखेड़ा में पैतृक जमीन पर कब्जे के विरोध पर दबंगों ने युवक पर डंडे व पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया। मोनू यादव ने बताया कि 26 फरवरी को वह अपनी पैतृक जमीन पर पहुंचा। आरोप है कि वहां अशोक कुमार, राजन और उनके साथ 4-5 अज्ञात लोग निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि राजन ने ईंट से सिर पर वार किया, जबकि अशोक कुमार ने डंडों से बेरहमी से पीटा। इस दौरान हमलावरों ने पीड़ित का मोबाइल फोन छीन लिया, कपड़े फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

### निर्माण के एवज में मांगी रंगदारी, पीटा

**अमृत विचार, काकोरी :** आलमबाग निवासी अशोक कुमार ने बताया कि वर्ष 2015 में बुद्धेश्वर स्थित आवासीय प्लॉट खुशीराम यादव से खरीदा था। 26 फरवरी को वह जेसीबी मशीन से नींव की खुदाई करवा रहे थे। तभी विक्रेता खुशीराम यादव पत्नी, बेटों और कुछ अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि आरोपियों ने निर्माण कार्य जबरन रुकवा दिया। इस दौरान खुशीराम की पत्नी ने जेसीबी मशीन पर ईंटें फेंककर उसके शीशे तोड़ दिए। विरोध करने पर खुशीराम और उसके बेटों ने अशोक कुमार व उनके मित्र राजन सिंह पर डंडों और ईंटों से हमला कर दिया। हमले में राजन सिंह के सिर में गंभीर चोट आई।

### आगरा एक्सप्रेसवे पर ट्रक पलटा

**अमृत विचार, काकोरी :** आगरा एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट के पास सीमेंट से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पारा पुलिस ने घायल चालक व खलासी को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रफ्तार अधिक होने के चलते संतुलन बिगड़ने से ट्रक डिवाइडर पार करते हुए सड़क किनारे नीचे जा पलटा। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए दोनों को केबिन से बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# बिजली विभाग की लापरवाही से संविदा लाइनमैन की मौत

## परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी के रिंग रोड स्थित जगरानी हॉस्पिटल के पास शुक्रवार देर रात करीब 1:30 बजे फॉल्ट ठीक करने के दौरान करंट लगने से संविदा लाइनमैन की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची गुडंबा पुलिस ने समझा-बुझाकर परिजनों को शांत कराया। मृतक की पहचान सैरपुर निवासी परशुराम रावत (45) के रूप में हुई है। वह बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत थे।

जानकारी के अनुसार इंदिरानगर सेक्टर- 25 से कल्याणपुर जाने वाली लाइन में कंचनाबिहारी मार्ग पर दो दिन पहले फॉल्ट आ गया था। इसी फॉल्ट को ठीक करने के लिए टीम देर रात मौके पर पहुंची थी। एई अमितेश कुमार के मुताबिक, जेई धर्मेंद्र और टीजी-2 धीरज आइसोलेटर खोलकर कर्मचारियों के साथ काम करवा रहे थे। परशुराम रावत जम्पर जोड़ने के लिए पोल पर चढ़े थे, तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से वह नीचे सड़क पर गिर पड़े और सिर में गंभीर चोट लग गई। सहकर्मियों ने उन्हें तुरंत पास के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एई ने घटना को हवाई करंट लगने का मामला बताया है।



हादसे के बाद मौके पर एकत्रित लोगों की भीड़ व पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### हादसे के बाद भी विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा मौके पर

- परिजनों का आरोप है कि परशुरामको चलती लाइन पर चढ़ा दिया गया था, जिससे करंट लगने से वह नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई। उनका कहना है कि हादसे के बाद भी विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे नाराजगी और बढ़ गई। बिजली विभाग की ओर से मृतक के परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता के रूप में 7.5 लाख रुपये देने की घोषणा की गई है। इनमें से 1.5 लाख रुपये परिजनों को दे दिए गए हैं, जबकि शेष राशि जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। मृतक परशुराम रावत अपने पीछे पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं निविदा संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने घटना पर नाराजगी जताते हुए 11केवी और एलटी में तैनात संविदा कर्मचारियों से 33 केवी का कार्य न कराए जाने के साथ मृतक के परिजनों को दुर्घटना हित लाभ जल्द से जल्द मुहैया कराने और परिवार के एक सदस्य को कार्य पर लिए जाने की मांग की।



हादसे के बाद रोती बिलखती पत्नी, बेटी व बेटा। अमृत विचार

# क्लीनर को डंपर से रौंदकर भागा चालक

संवाददाता, लखनऊ

- ट्रक में टक्कर मारकर भाग रहे डंपर को रोकने का क्लीनर ने किया था प्रयास
- बिजनौर के नटकुर स्थित किसान पथ पर हुई घटना

**अमृत विचारः** बिजनौर के नटकुर स्थित किसान पथ पर शनिवार सुबह बेकाबू डंपर ने ट्रक में टक्कर मारी। क्लीनर संदीप (35) ने रोकने का प्रयास किया। डंपर चालक नीचे उतरा। रोके जाने से नाराज चालक ने क्लीनर को तीन-चार थप्पड़ मारे। इसके बाद संदीप को रौंदते हुए भाग गया। गंभीर रुप से घायल क्लीनर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।

उन्नाव के हसनगंज स्थित सेमरा का रहने वाला संदीप ट्रक पर क्लीनर था। शनिवार सुबह वह उन्नाव के हही छरैरा गांव निवासी चालक फुरकान के साथ झांसी से कॉपी लादकर गोरखपुर जा रहा था। शनिवार सुबह करीब 10 बजे कानपुर रोड से किसान पथ पर चढ़ने के बाद नटकुर अंडरपास के करीब पीछे से आ रहे डंपर (आरजे 11 जीसी 7531) ने साइड से टक्कर मार दी। जिससे ट्रक का शीशा टूट गया। टक्कर के बाद क्लीनर संदीप नीचे उतरा और डंपर को रोककर विरोध किया। आरोप है कि डंपर चालक नीचे उतरा और संदीप को दो-तीन थप्पड़ मार दिए। इसके बाद वह तेजी से अपने वाहन पर चढ़ गया। संदीप ने विरोध करते हुए डंपर को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक ने गुस्से में डंपर संदीप के ऊपर चढ़ा दिया और उसे रौंदते हुए किसान पथ से नीचे उतरकर कानपुर रोड की ओर फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम व एंबुलेंस सेवा को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल संदीप को सरोजनीनगर सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर बिजनौर सतीश गौतम के मुताबिक डंपन नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### युवक पर रॉड व धारदार हथियार से हमला

**अमृत विचार , लखनऊ :** बाजारखाला में पुरानी रंजिश को लेकर सामान लेने जा रहे युवक की रॉड और धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक टिकैतराय तालाब लेबर कॉलोनी निवासी उत्कर्ष मिश्रा गुरुवार देर शाम आठ बजे सामान खरीदने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में आरोपित अजीम और उसके भाई व साथी कासिम, अब्दुला, इब्राहिम, राज, धुरव व चार अन्य लोगों ने पीड़ित को पकड़ लिया। आरोपियों ने उत्कर्ष के सिर पर रॉड और धारदार हथियार से वार किए। पीड़ित बेसुध होकर वहीं गिर गया। यह देख आरोपित भाग निकले। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सड़क हादसे में किशोर घायल, एफआईआर

संवाददाता, सरोजनीनगर

- बिजनौर के कमलापुर तिराहे पर हुआ हादसा

**अमृत विचारः** बिजनौर के कमलापुर तिराहे पर तेज रफ्तार कार ने किशोरी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। हादसे मे किशोर गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश करने में जुटी है।

बिजनौर के अशरफ नगर निवासी पुतान कश्यप के मुताबिक 26 फरवरी को वह कमलापुर तिराहे स्थित इंडियन गैस एजेंसी (गोदाम) पर गैस लेने गए थे। उनके पास खुले पैसे नहीं थे, जिस पर उन्होंने अपने भतीजे आशुतोष को पास की दुकान पर पैसे खुल्ले कराने के लिए भेजा। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने कमलापुर तिराहे पर आशुतोष को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशोर का सिर फट गया और उसके सीने, पैर, गले व हाथ में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर वाहन नंबर के आधार पर चालक की तलाश में जुट गई।

# पुलिसकर्मियों को कुचलने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कार जब्त, कार सवार अन्य की तलाश जारी

**अमृत विचारः** गोमतीनगर में चेकिंग के दौरान पॉलीगान बाइक सवार दो पुलिसकर्मियों को कार से कुचलने वाले रईसजादे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त काली सियाज कार (यूपी 32 एमडब्ल्यू 8784) को भी कब्जे में ले लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि घटना के दौरान आरोपी नशे में कार भगा रहा था। पुलिस घटना के समय कार में मौजूद अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि उपनिरीक्षक आनंद कुमार यादव की तहरीर पर 26 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। बताया था कि कालिका हवेली रेस्टोरेंट के पास 25 फरवरी की रात चेकिंग के दौरान बेकाबू कार ने उन्हें व दीवान सुरजीत को टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक दीपक कुमार यादव ने शुरु की।

घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। जिसमें कार कैद मिली। पुलिस ने कार नंबर की मदद से आरोपी की पहचान कर शनिवार को कैसरबाग बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कनिष्क राजन सिंह चिनहट के तारा का पुरवा ओमेगा ग्रीन सिटी का रहने वाला है। पुलिस ने मामले में सरकारी कार्य में बाधा की धारा बढ़ायी है।

# नशे में धुत चालक ने कई पर चढ़ाई कार, पांच घायल

संवाददाता, आलमबाग

- एक युवक कार में फंसकर 50 मीटर तक घिसटता गया
- कृष्णानगर इलाके में हुई घटना, आरोपी चालक की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** कृष्णानगर के एलडीए कॉलोनी सेक्टर-डी स्थित कमेटी हाल के पास पार्क में गुरुवार रात को शादी समारोह का आयोजन था। समारोह में शामिल नशे में धुत कार चालक ने कई लोगों पर गाड़ी चढ़ा दी। कार में फंसकर एक युवक 50 मीटर तक घिसटता चला गया। हादसे में दो युवक व तीन महिलाएं घायल हो गई। सभी को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा गया। तीन महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। वहीं दोनों युवकों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। आरोपी चालकी की तलाश कर रही है।

सरोजनीनगर स्थित हाइडल कॉलोनी निवासी जितेंद्र कुमार के मुताबिक 26 फरवरी को उनके परिवार में शादी थी। समारोह का आयोजन कृष्णा नगर स्थित एलडीए कॉलोनी सेक्टर डी कमेटी हाल के पास पार्क में किया गया था। पूरे



परिवार के साथ वह शामिल होने गये थे। रात करीब 11:30 बजे एक कार संख्या यूपी 32 एनए 4988 में सवार चार युवक नशे में धुत तेज रफ्तार में अनियंत्रित हो समारोह में घुस गयी। कार की टक्कर आलमबाग बहादुर खेड़ा में रहने वाला उनका भांजा अंकित कुमार चोटिल हो गया। कार में फंस करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया। हादसे में अंकित के अलावा अंकुर और परिवार की तीन महिलाएं चोटिल हो गई। इस हादसे में उनका भांजा अंकित और अंकुर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। आरोप है कि उनलोगों ने कार सवार युवकों को घेर लिया था, लेकिन नशे में धुत युवक दबंगई करते हुए गाली गलौज करने लगे और भाग गया। गंभीर चोटिल दोनों युवकों का लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है। कृष्णा नगर इंस्पेक्टर पीके सिंह ने घायल युवक के मामा की शिकायत पर शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# बेकाबू कार ने दंपति को मारी टक्कर, पति की मौत

संवाददाता, काकोरी

- पारा के सदरौना कांशीराम फेस 2 में हुआ हादसा

**अमृत विचारः** पारा के सदरौना कांशीराम फेस दो से बीती देर रात मुंडन समारोह से पैदल घर जा रहे दंपती को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को लोकबंधु अस्पताल भिजवाया। वहां इलाज के दौरान पति बाबूराम श्रीवास्तव (45) की मौत हो गई। पत्नी राधा की गंभीर हालत बनी हुई है।

चुन्नूखेड़ा निवासी मजदूर बाबूराम श्रीवास्तव पत्नी राधा के साथ बीते शुक्रवार को सदरौना कांशीराम फेस दो में साले रवि के घर मुंडन समारोह में शामिल होने गया था। देर रात बाबूराम व उसकी पत्नी राधा के साथ वापस घर जा रहे थे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाबूराम व राधा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लोकबंधु अस्पताल भिजवाया। जहॉं इलाज के दौरान बाबूराम की मौत हो गई। जबकि राधा की गंभीर हालत बनी हुई है। बाबूराम के परिवार में बेटा अगम, दीपू, बेटी अंशिका ज्योति है। बाबूराम के जीजा राजकुमार ने पारा थाना में मामला दर्ज कराया है। वहीं पुलिस घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार की तलाश में जुटी हुई है।

# रियल एस्टेट कारोबारी से ठगे 1.52 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मिर्जापुर में हाउसिंग ग्रुप के लिए जमीन दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने रियल एस्टेट कारोबारी से 1.52 करोड़ रुपये ठग लिए। आरोपी ने अपनी फर्म बताकर प्लाटिंग की बात कही। दूसरे की जमीन पर अपना बोर्ड लगाकर सौदा किया और रुपये ऐंठ लिए। रजिस्ट्री में आनाकानी देख पीड़ित ने पेपर चेक कराए तो वे जाली मिले। पीजीआई पुलिस ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

साउथ सिटी निवासी रियल एस्टेट कारोबारी निवासी हेमंत कुमार राय ने बताया कि वर्ष 2020 में वह मिर्जापुर में हाउसिंग ग्रुप शुरू करना चाह रहे थे। शिवकाशी इंफ्रासिटी के संचालक पंकज कुमार से मुलाकात हुई। बताया कि उनकी कंपनी और अक्ष बायोटेक बड़े पैमाने पर प्लाटिंग कर रहे हैं। बातचीत के बाद आरोपियों ने उन्हें 15-20 बीघा जमीन दिलाने का झांसा दिया था। 14 दिसंबर 2020 को पंकज पीड़ित के विवेकखंड स्थित कार्यालय आए और खतौनी व साइट प्लॉन दिखाया।

बातचीत में तीन लाख रुपये प्रति बिस्वा जमीन का सौदा तय हुआ। इसके बाद पंकज के कई खातों में 1.48 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। भूखंड विकसित करने के नाम पर उन्हें 35 लाख रुपये नकद भी दिए। आरोप है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी पंकज ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई। दबाव बनाने पर वह टाल मटोल करते रहे। शक होने पर पीड़ित ने मिर्जापुर जाकर छानबीन की तो पता चला कि पंकज कंपनी का बोर्ड लगाकर ठगी करता है। उसके पास कोई जमीन नहीं है।

पीड़ित ने पेपर चेक कराए तो वे फर्जी मिले। पंकज से रुपयों की मांग की। काफी प्रयास के बाद 4 दिसंबर 2024 को आरोपी ने 31 लाख रुपये वापस किए। 1.52 करोड़ रुपये नहीं दिए। कई महीने बीतने के बाद फिर रुपयों की मांग की तो वह टालमटोल करने लगे। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित हेमंत ने पीजीआई थाने में तहरीर दी तो पुलिस ने सुनवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पीजीआई पुलिस ने शिवकाशी इंफ्रासिटी प्राइवेट लिमिटेड के पंकज कुमार निवासी वाराणसी, अक्ष बायोटक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक व अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पीएसी जवान के खाते से निकाले 20 हजार

**अमृत विचार , लखनऊ :** डालीगंज चौकी के पास उचक्कों ने एटीएम बूथ पर पीएसी जवान का कार्ड बदलकर खाते से 20 हजार रुपये गायब कर दिए। इंस्पेक्टर हसनगंज चितवन कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज में तैनात मन्नान खां ने बताया कि पत्नी का ऑपरेशन कराने के लिए केजीएमयू आए थे। 25 फरवरी की देर शाम 7:20 बजे वे एटीएम से रुपये निकालने के लिए डालीगंज चौकी के पास एचडीएफसी और सेंट्रल बैंक के एटीएम बूथ पर गए थे। इसी दौरान पीछे खड़े दो युवकों ने मददगार बनकर बातों में फंसाया। उसके बाद कार्ड बदलकर खाते से 20 हजार रुपये निकाल लिया। खाते से रुपये कटने का मैसेज आने पर पीड़ित ने कार्ड चेक किया तो वह उनका नहीं था। सीसीटीवी कैमरे में दोनों आरोपियों की करतूत कैद हुई है।

### ई-रिक्शा चालक ने छेड़छाड़, कूदी युवती

**अमृत विचार, माल :** ई-रिक्शा से घर लौट रही युवती के साथ चालक ने छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे सुरक्षित घर पहुंचाया। माल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। पीड़िता ने बताया कि वह लखनऊ से ड्यूटी कर शुक्रवार शाम घर लौट रही थी। करीब 8:30 बजे वह सैदापुर चौराहे पर पहुंची, जहां यूपी 32 क्यूटी 8099 नंबर का ई-रिक्शा खड़ा था। उसने चालक से बदैया चलने को कहा, जिस पर वह तैयार हो गया। आरोप है कि गनेशपुर मोड़ के पास पहुंचते ही चालक ने उसका हाथ पकड़कर खींचा और बदसलूकी करने लगा। विरोध करते हुए पीड़िता चलती ई-रिक्शा से कूद गयी।

**शिकंजा** | ई-रिक्शा में महिला के साथ की थी वारदात, लाखों के जेवर व छह हजार नकद बरामद

# सात लाख के जेवर पार करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचारः** ई-रिक्शा में महिला के बगल में बैठकर बैग से सात लाख के जेवर पार करने वाली दो महिलाओं को दुबग्गा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से सोने के जेवर व छह हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने दो वारदातों का खुलासा किया है।

इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि उन्नाव के हसनगंज ग्राम मटरिया गांव निवासी प्रिया यादव ने बताया कि 24 फरवरी को वह बुआ के लड़के की शादी में शामिल होने के लिए बरावन कला दुबग्गा जा रही थी। दोपहर करीब 2:30 बजे वह सीतापुर बाईपास पुलिस चौकी के पास से ई-रिक्शा में अपनी तीन साल की बेटी के साथ बैठी उनके बैग में एक जोड़ी सोने की झुमकी, तीन सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन और एक सोने का मंगलसूत्र रखा था। इसके बाद ई-रिक्शा में पहले से बैठी करीब 30 साल की महिला और उसके साथ लगभग 20 साल युवती उनकी बगल में आकर बैठ गईं। प्रिया ने उन्हें सामने की सीट पर बैठने के लिए कहा लेकिन वह पावर हाउस चौराहे पर उतरने की बात कहकर वहीं बैठी रही। कुछ देर बाद जब ई-रिक्शा कूड़ा चौराहे पर पहुंचा तो दोनों महिलाएं उतर गईं।

बरावन कला रोड के सामने पहुंचने पर प्रिया ने देखा कि उनके बैग से सोने के सभी जेवर गायब हैं। 27 फरवरी को प्रिया ने दुबग्गा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आसपास लगे 24 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। प्रिया ने बताया कि शुक्रवार को जब वह दुबग्गा स्थित सीतापुर बाईपास पहुंचीं तो वही दोनों महिलाएं सड़क किनारे खड़ी दिखीं। पहचान होने पर उन्होंने राहगीरों की मदद से दोनों को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नगला सुभाष चौक थाना फरीदाबाद हरियाणा निवासी अनीता पत्नी अमित और गहलव पलवल हरियाणा निवासी मनीषा पुत्री रोशन बताया। पूछताछ में पता चला कि 19 फरवरी को दोनों आरोपियों ने दुबग्गा के कन्हैया माधवपुर निवासी अनवरी के बैग से 64 हजार रुपये चोरी किए थे।

### सीतापुर से दुबग्गा आकर करती थी टप्पेबाजी

- इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि दोनों महिलाएं सीतापुर में रहती है। सीतापुर से दुबग्गा आकर ई रिक्शे में बच्चों के साथ बैठी महिलाओं को टारगेट कर अगल बगल बैठ जाती थी। उसके बाद मौका पाकर बैग में रखी नकदी और जेवर चोरी कर रास्ते में उतरकर फरार हो जाती थी।

# इवेंट मैनेजर को अगवा कर लूटपाट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चेन, घड़ी लूटी, क्यूआर कोड से ट्रांसफर कराए रुपये

**अमृत विचारः** डेकोरेशन का ठेका देने का झांसा देकर इवेंट मैनेजर को बदमाश ने लक्ष्मण मेला स्थित बोट क्लब 32वीं वाहिनी पीएसी के बाढ़ राहत कैंप गेट पर बुलाया। इसके बाद गोमती समीप ले जाकर आंख में पट्टी बांधने लगे। विरोध करने पर पीटा और पट्टी बांधकर कार से अगवा कर किसी गुफा जैसी जगह पर ले गए। कॉल हिस्ट्री डिलीट करने के बाद चेन, घड़ी लूटकर ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर कराए। करीब दो घंटे बाद किसी तरह भागे पीड़ित ने अपनी जान बचायी। हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

न्यू हैदराबाद स्थित एसेंस रेजीडेंसी निवासी इवेंट मैनेजमेंट का काम करने वाले रोहित बंसल ने बताया कि 25 फरवरी को एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने डेकोरेशन की बात कहते हुए मिलने की बात कही। पीड़ित ने 26 फरवरी को मिलने की बात कही। अगले दिन शाम को कॉल आने पर रोहित 7:21 बजे कैब से बोट क्लब 32वीं वाहिनी पीएसी के बाढ़ राहत कैंप गेट पर पहुंचे। वहां एक युवक मिला और कहा कि नीचे भाई इंतजार कर रहे हैं। स्कूटी पर बैठाकर अंजान शख्स उन्हें गुफा जैसी जगह ले गया।

उसके बाद आंख पर कपड़ा बांधने लगे। तभी आधा दर्जन बदमाशों ने पट्टी बांधकर जबरन कार में अगवा कर लिया। गाली-गलौज करते हुए पूछा कि कौन हो? यहां क्यों आए हो? रोहित ने भागने का प्रयास किया तो उसे बुरी तरह पीटा। अंधेरा होने के चलते मोबाइल की टार्च ऑनकर पीटते रहे। उसके बाद पर्स, घड़ी, चेन व अन्य सामान छीन लिया। चश्मा तोड़ दिया। मोबाइल की कॉल हिस्ट्री डिलीट कर रुपये ट्रांसफर करने का दबाव बनाया। पीड़ित ने क्यूआर कोड से दो हजार भेजे तो उसे पीटा।

पीड़ित बोला 50 हजार और लेकर छोड़ दो। आरोपियों ने धमकाया कि रुपये नहीं दोगे तो जान से मार देंगे। करीब दो घंटे बाद अपहृत रोहित अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया।

## सिटी ब्रीफ

### रोजे और नमाज की हालत में परफ्यूम इस्तेमाल करना जायज

अमृत विचार, लखनऊ : कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराजी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। शिया हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने पूछा कि नमाज और रोजे की हालत में अल्कोहल वाला परफ्यूम इस्तेमाल करना जायज है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि अल्कोहल वाले परफ्यूम के इस्तेमाल में कोई हरज नहीं है। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि क्या टाइल्स और मादनी पत्थरों पर सजदा करना सही है? जवाब में कहा गया कि टाइल्स पर सजदा करना सही नहीं है, लेकिन मादनी पत्थरों पर सजदा किया जा सकता है। एक रोजेदार ने पूछा कि क्या इस्लाम में शतरंज खेलना जायज है? जवाब में बताया गया कि इस्लाम में शतरंज को हराम करार दिया गया है।

### रमजान में जंग पर अमरिका को कोसा

**अमृत विचार,लखनऊ :** शिया धर्मगुरु और मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने अपने कहा है कि पवित्र माह-ए-रमज़ान में जंग छेड़कर अमेरिका ने दुनिया के सामने अपनी असली हकीकत दिखा दी है। उन्होंने कहा कि इस जंग की शुरुआत अमरीका ने की है लेकिन इसका अंजाम अब ईरान तय करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय शान्ति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।

### वार्षिक खेल प्रतियोगिता आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मवैया स्थित ऐशबाग स्टेडियम में इस रविवार को आर्याश्री और डीएस फाउंडेशन की देखरेख में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रीता बहुगुणा जोशी शामिल होंगी। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण स्कूली बच्चों के बीच आयोजित विभिन्न खेल स्पर्धाएं होंगी, जिनमें रस्साकशी, दौड़ और अन्य मनोरंजक खेल शामिल हैं। आर्याश्री और डीएस फाउंडेशन के आयोजकों का कहना है कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल को भी बढ़ावा देते हैं।

### ब्रह्म ही एकमात्र परम सत्य है : सपना

अमृत विचार, लखनऊ :ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में शनिवार को चिनहट के रजत डिग्री कॉलेज के सामने स्थित सनातन धाम लॉन परिसर में होली के अवसर पर मासिक आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सपना गोयल ने संदेश दिया कि ब्रह्म ही एकमात्र परम सत्य है, और यह जगत मिथ्या है। इस अवसर पर गुझियों का वितरण किया गया। गोयल के अनुसार होली का त्योहार ईश्वरीय शक्ति का साक्षात उदाहरण है। यह मनुष्य की पूजा का ही फल है कि वह भक्ति में लीन हो जाता है। होली का पर्व हमें बताता है कि भक्त प्रह्लाद ने केवल 5 साल की अल्पायु में ही पूरे समाज को ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या का संदेश दे दिया था। इस संगोष्ठी में सपना गोयल के मार्गदर्शन में धर्मार्थ सेवा कार्य कर रहीं किरन सिंह, प्रीति चतुर्वेदी, बीना नौटियाल, ममता तिवारी, लिपिका रानी सिंह, सरिता रावत, मीना भार्गव, सैव्य पांडे, ममता रावत, विमला देवी, संतोष द्विवेदी, रत्ना, रूबी सिंह, इंदु सिंह, सरिता बलानी, रीता शुक्ला आदि की मौजूदगी रही।





लखनऊ विश्वविद्यालय में होली उत्सव के दौरान एक दूसरे पर रंग-गुलाल उड़ाते छात्र-छात्राएं और रंग की उमंग में डूबी छात्रा। गोमती नगर में हुए कार्यक्रम में होली के रंग में झूमती महिला। अमृत विचार

### माध्यम सामाजिक संस्था के तमाशा वेव में महिलाओं ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को दी होली की बधाई

**अमृत विचार,लखनऊ :** माध्यम सामाजिक संस्था ने शनिवार को एपिक ईवेंट के सहयोग से गोमती नगर स्थित तमाशा वेव में प्री होली का आयोजन ''रंग दे गुलाल मोहे सीजन 9'' के नाम से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की सीईओ हेमा खत्री एवं उपस्थित महिलाओं ने गणेश जी की स्तुति व आराधना से किया। क्लब की महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर व फूलों की वर्षा कर फागुन की बधाइयां दीं। महिलाओं ने होली के गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये और तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में लगभग 150 से ज्यादा और सभी वर्ग की महिलाओं ने भाग लिया। खास बात यह रही कि बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



माध्यम सामाजिक संस्था की ओर से आयोजित तमाशा वेव में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

### दीपयज्ञ कर दिलाया नशामुक्त होली मनाने का संकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को हनुमंत धाम मंदिर परिसर में आयोजित भारतीय नववर्ष सांस्कृतिक चेतना दीपयज्ञ ने नशा मुक्त सौहार्दपूर्ण सादगी से होली मनाने का संकल्प दिलाया।समाज में नैतिक, बौद्धिक और सामाजिक सुधार के साथ आगामी सनातन नववर्ष को उत्साह, श्रद्धा एवं सांस्कृतिक चेतना के साथ मनाने के उद्देश्य से हनुमंत धाम मंदिर लखनऊ परिसर में आयोजित भारतीय नववर्ष सांस्कृतिक चेतना दीपयज्ञ का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। यज्ञ में भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति न्यास के मुख्य संयोजक अभिषेक खरे, अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, विमर्श रस्तोगी, गायत्री परिवार के जोन प्रमुख अतुल सिंह और डॉ. अरविन्द निगम ने पूरे विधि-विधान से आहुति देकर संपूर्ण विश्व की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना को लेकर आम जनमानस को होली के पावन पर्व को भारतीय संस्कृति के अनुरूप नशा मुक्त, बिना हुड़दंग सौहार्दपूर्ण सादगी से मनाने के लिए जागरूक करते हुए संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर 5100 दीपक जलाए गए। दीपयज्ञ में सुनील वैश्य, ज्ञान किशोर श्रीवास्तव शामिल रहे।



कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्जवलित करते लोग।

# सुरभि के कथक में जीवंत दिखीं अमृता

## संत गाडगे प्रेक्षागृह में नृत्य नाटिका के जरिए दिखाया गया प्रीतम का जीवन संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक संस्था कल्चरल क्वेस्ट की ओर से कथक गुरु सुरभि सिंह ने शनिवार को संत गाडगे प्रेक्षागृह में पंजाब की प्रख्यात लेखिका अमृता प्रीतम के जीवन को आजाद रूह में समाहित कर नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसमें अमृता के जीवन संघर्ष और प्रेम को दर्शाया गया। स्त्री की संवेदना और वेदना को दर्शाती उनकी प्रसिद्ध कविताओं के सार को तबले की थाप, घुंघरुओं की झंकार को कथक की लय में पिरो कर मंचित किया गया।

नृत्यांगना सुरभि सिंह ने साहिर के त्याग के साथ प्रेम के विशिष्ट रूप दिखाने के साथ इमरोज़ के प्रेम की पराकाष्ठा के पहलू को कथक की लय में खूबसूरती से बांधा। प्रीतम के जीवन पर आधारित संजय मेहरोत्रा हमनवा की पुस्तक रांझा मेरा का लोकार्पण पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह, पद्मश्री कृष्ण कन्हाई और डॉ. पूर्णिमा पांडेय आदि ने किया। पं. धर्मनाथ मिश्र के गायन से सजी नृत्य नाटिका में पं. रविनाथ मिश्र की तबले की थाप और दीपेन्द्र कुंवर की बांसुरी की धुनों पर अमृता प्रीतम के किरदार में सुरभि सिंह अपने शिष्य-शिष्याओं ईशा रतन, मीशा रतन, अंकिता मिश्रा, अंकिता सिंह, आकांक्षा पाण्डेय, अंजुल, पियूष, अनुभव, सृष्टि, महेश चन्द्र देवा, विकास दुबे, अखिलेश, आरती, सुन्दर, इशिका, मानसी, संगीता, सीमा सहित 25 कलाकारों ने मंच पर नृत्यनाटिका को दर्शनीय बना दिया। शकील ने सेट को गोविन्द ने प्रकाश से सजाया। तत्कालीन परिस्थितियों के रहन सहन को दिखाने में मनोज, शहीर ने मुख सज्जा से संवारा। सहारा बानो, उज्ज्वल की व्यवस्था में अर्जित अग्रवाल, दिवाकर ने मंच परे संगीत दिया। संस्था के अध्यक्ष जेबी सिंह, उपाध्यक्ष केशव नाथ त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष रामउग्रह शुक्ल व कला प्रेमियों ने आजाद रूह के कथक में पिरोयी शायरियों को सराहा।



संत गाडगे प्रेक्षागृह मे नृत्य नाटिका आजाद रूह प्रस्तुत करतीं सुरभि सिंह और उनकी शिष्याएं। अमृत विचार

### 11 विभूतियों को किया गया सम्मानित



संत गाडगे प्रेक्षागृह मे नृत्य नाटिका आजाद रूह की प्रस्तुति देते कलाकार।

साहित्य की 11 विभूतियों पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह, प्रो. रवि भट्ट, डॉ. अमिता दुबे, हिमांशु वाजपेई, आतिफ हनीफ, संजय मल्होत्रा हमनवा, पायल सोनी, सत्या सिंह, डॉ. करुणा पांडे, साहित्यकार डॉ. श्वेता श्रीवास्तव और सुजाता राझी को अमृता प्रीतम सम्मान से सम्मानित किया गया।

### रोज फेस्टिवल शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर विस्तार के जनेश्वर मिश्र पार्क में देश के दूसरे सबसे बड़े रोज गार्डेन का शनिवार को रोज फेस्टिवल के साथ शुभारंभ हुआ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने फीता काटकर रोज गार्डेन का उद्घाटन किया। इस मौके पर अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा एवं सीपी त्रिपाठी, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाल निकुंज में बच्चों और शिक्षकों ने खेली होली

**अमृत विचार,लखनऊ :** बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेज की सभी शाखाओं में शनिवार को बच्चों संग शिक्षकों ने एक दूसरे के गालों को लाल गुलाल से सुगंधित कर हर्षोल्लास के साथ होली की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्यों ने भारतीय परंपरा भाईचारे के सौहार्दपूर्ण वातावरण को समृद्धि प्रदान करते हुए बच्चों को सादगी के साथ रंगों भरी होली खेलने संदेश दिया। कॉलेज प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल ने निकुंज परिवार के सभी प्रधानाचार्यो, इन्चार्जों, शिक्षकों, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को होली की मिठाई भेंट कर होली की शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम में नृत्य करते बच्चे।

### सपना और अंशिका त्यागी सम्मानित



नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार।

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती माह में शनिवार को चिनहट स्थित सनातन धाम लॉन में प्रेरक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समाज सेविका सपना गोयल और अंशिका त्यागी को डॉ. दरबारी लाल अस्थाना सम्मान दिया गया। अंशिका त्यागी के दल ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर आधारित सतरंगी भाव नृत्यों की प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक संध्या में जनमे अवध में राम मंगल गाओ रे..., ठुमक चलत राम चंद्र बाजत पैजनिया..., हम कथा सुनाते हैं... और राम आवे अवध की ओर... पर भाव नृत्य आकर्षण का केन्द्र बने। नृत्यांगना अंशिका त्यागी के साथ शची द्विवेदी, दिशा गुप्ता, सोनाली गौड़, अभय कुमार, विशाल गुप्ता और अरुण सोनकर ने मनभावन नृत्य कर प्रशंसा हासिल की। कार्यक्रम का संचालन नीशू त्यागी ने किया।

## सिटी डायरी

### सनातन संस्कृति और समाज की एकता ही देश की सच्ची ताकत



एदिनेश शर्मा को सम्मानित करते आयोजक, पास बैठे कलराज मिश्र।

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यसभा सांसद व पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि भारत दुनिया का नेतृत्व करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आक्रान्ताओं ने देश को लूटने का काम किया परन्तु वे देश की संस्कृति और संस्कार को लूट नहीं सके। सांसद ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रबुद्ध समागम में पूर्व मा. राज्यपाल कलराज मिश्र की उपस्थिति में सम्मिलित होकर प्रबुद्धजनों को संबोधित किया। कहा कि ब्राह्मणों ने हर अवसर पर समाज को जोड़ने का काम किया। विवाह जैसे अवसरों पर भी सभी वर्गों के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां तय कर समाज की एकता कायम रखी गई। उनका मानना है कि आज की आवश्यकता जाति नहीं बल्कि सनातन और समाज की एकता की है।



आनंद पार्क में योगाभ्यास करते लोग।

### वरिष्ठ नागरिकों ने जाना योग, उपवास और प्राकृतिक चिकित्सा का महत्व

**अमृत विचार,लखनऊ :** गोमतीनगर के विनीत खंड – 6 स्थित आनंद पार्क में योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं तनाव प्रबंधन विषय पर विशेष व्याख्यान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। दवाइयों पर अनावश्यक निर्भरता छोड़ प्राकृतिक उपचार और योग की शरण में आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। एक्यूप्रेशर चिकित्सा विशेषज्ञ एवं गौ रक्षा संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशा सिंह, अनीता सिंह, उमाशंकर सिंह, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता अनिल नारायण सिंह, डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, शिव नायक पाण्डेय, भागवत गौड़, अनिल बजाज, बिंदु सिंह, सुधा सिंह मौजूद रहे।




संवाद कार्यक्रम में श्रमिक और गिग वर्कर्स।

### गिग वर्कर्स ने उठाई सामाजिक सुरक्षा की मांग

**अमृत विचार,लखनऊ :** बुद्धेश्वर क्षेत्र में इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया और मार्क फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गिग श्रमिकों के मुद्दों पर एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रवासी व स्थानीय गिग वर्कर्स, सामाजिक कार्यकर्ताओं और श्रम अधिकार प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्रमिकों ने आय की अनिश्चितता, दुर्घटना बीमा की कमी, बीमारी के समय आय रुकने, बढ़ती महंगाई और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक सीमित पहुंच जैसी समस्याएं उठाईं।



लखनऊ व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण करने के बाद व्यापारी।

### लखनऊ व्यापार मंडल की सदस्यता ली

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरा नगर स्थित कंचन स्वीट हाउस में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने सतनाम सिंह, गुंजन तुलानी, नरेंद्र तुलानी एवं नितिन अग्रवाल को संगठन में शामिल कराया। इन सदस्यों ने कहा कि लखनऊ व्यापार मंडल हमारा परिवार है और हम कार्यकारिणी के साथ मिलकर तन, मन एवं धन से संगठन को सशक्त बनाने का कार्य करेंगे।

## संगीतज्ञों की संगत

### भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय और भातखंडे एलुमिनाई एसोसिएशन ने कराया गायन कार्यक्रम

# एलुमिनाई के आयोजन में अक्षत ने छेड़ी विलंबित तिलवाड़ा तान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय और भातखंडे एलुमिनाई एसोसिएशन के तत्वावधान में राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में शताब्दी वर्ष के अंतर्गत गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, कुल सचिव डॉ. सृष्टि धवन, एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. सीमा भारद्वाज ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर गायन विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर, तालवाद्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार मिश्र, सहायक आचार्य (नृत्य) डॉ. रुचि खरे सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, पुरातन छात्र एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र अक्षत अवस्थी ने शास्त्रीय संगीत की अनुपम प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने राग देवगिरी बिलावल में विलंबित तिलवाड़ा ताल में ए बना ब्याहन आयो... प्रस्तुत किया। तीनताल में छोटा ख्याल मानो जरा अब माननी... तथा दादरा की सुमधुर प्रस्तुति से सभागार को भाव विभोर कर दिया। उनकी गायकी में राग की शुद्धता, भाव की गहराई एवं तानों की सटीकता ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।संगत में दिनकर द्विवेदी (हारमोनियम), मोहित दुबे (तबला) एवं अभिषेक कुमार (तानपुरा) ने अपनी कुशल एवं सधे हुए वादन से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। में गिरीश चंद्र बहुगुणा (सचिव), डॉ. मीरा दीक्षित (सहसचिव), आलोक कुमार पांडेय (सहसंयोजक), हेमचंद्र पालीवाल (संयोजक) सहित एलुमनी एसोसिएशन के अनेक गणमान्य सदस्य एवं संगीत प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय भारतीय शास्त्रीय संगीत और कलाओं की समृद्ध परम्परा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को महान संगीत परम्पराओं से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें उत्कृष्ट कलाकारों से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।



राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में गायब प्रस्तुत करते पूर्व छात्र। अमृत विचार

# शीतल ने पैरों से लगाया अचूक निशाना

## रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का आगाज, पहले दिन क्वालिफाइंग मुकाबले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार से शुरू हुई रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता के पहले दिन देशभर से आई तीरंदाजों ने क्वालिफाइंग राउंड में अपना दमखम दिखाया। पैरालंपिक पदक विजेता शीतल देवी पूरे आयोजन का केंद्र रहीं। जम्मू-कश्मीर की इस स्टार खिलाड़ी ने कंपाउंड जूनियर महिला वर्ग में सामान्य खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर देते हुए 705 अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान हासिल किया और नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया।


केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

कंपाउंड जूनियर वर्ग में शीतल देवी के बाद उत्तर प्रदेश की संध्या (700 अंक) दूसरे और दिल्ली की कुमुद सैनी तीसरे स्थान पर रहीं। यूपी की स्वातिका शर्मा और कामिनी रावत भी शीर्ष 16 में जगह बनाने में सफल रहीं। कंपाउंड सीनियर वर्ग में हरियाणा की दीपशिखा 702 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहीं, जबकि यूपी की कुसुम 16वें स्थान पर रहकर नॉकआउट में पहुंचीं। सब-जूनियर वर्ग में महाराष्ट्र की प्रांजल प्रवीन ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं यूपी की निष्ठा गुप्ता ने 693 अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया। रिकर्व सीनियर महिला वर्ग में ओलंपियन भजन कौर उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं। वह 16वें स्थान पर रहीं और किसी तरह नॉकआउट राउंड के लिए क्वालिफाई कर पाईं। इस वर्ग में पंजाब की सिमरनजीत कौर 655 अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं। रिकर्व जूनियर वर्ग में हरियाणा की कृति शर्मा पहले स्थान पर रहीं, जबकि यूपी की माधवी चौहान ने 652 अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के सभी छह वर्गों में शीर्ष 16-16 खिलाड़ियों ने नॉकआउट राउंड में जगह बना ली है। अब रविवार को होने वाले अंतिम मुकाबलों पर सभी की नजरें टिकी हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं यूपी तीरंदाजी एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश अवस्थी, खेल सचिव सुहास एलवाई, पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर सिंह, यूपी तीरंदाजी संघ के सचिव अजय गुप्ता तथा संयुक्त सचिव योगेंद्र राणा मौजूद रहे।

### तीरंदाजी का बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

- खेल सचिव सुहास एलवाई ने उद्घाटन अवसर पर उत्तर प्रदेश में तीरंदाजी का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में प्रदेश के 50 चयनित खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। सेंटर के लिए जल्द ही स्थान का चयन किया जाएगा और इसका संचालन एनटीपीसी के सहयोग से किया जाएगा।


रानी लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय महिला तीरदाजी प्रतियोगिता में दोनो हाथ न होने पर भी प्रतियोगिता में भाग लेती जम्मू की खिलाड़ी शीतल।

## सिटी ब्रीफ

### लविवि ने दी शुल्क जमा करने में राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक सम सेमेस्टर (चतुर्थ, छठे, अष्टम एवं दशम) सत्र 2025-26 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि, जो पहले 28 फरवरी निर्धारित थी, अब बढ़ा दी गई है। जिन छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति हेतु शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन किया है, उन्हें अपने आवेदन पत्र एवं सभी संलग्नक अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में 10 मार्च तक जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए प्रवेश शुल्क जमा करने की तिथि परीक्षा फार्म की अंतिम तिथि तक मान्य रहेगी। वहीं अन्य विद्यार्थियों के लिए होली एवं सार्वजनिक अवकाशों को ध्यान में रखते हुए प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 10 मार्च तक अंतिम रूप से विस्तारित कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से निर्धारित समय सीमा का पालन करने की अपील की है।

### स्पीड चार्जर्स-अवध ईगल्स में मुकाबला आज

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ गोल्फ लीग का पांचवां संस्करण अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। लखनऊ गोल्फ क्लब में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में शनिवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद फाइनल की तस्वीर साफ हो गई। डिफेंडिंग चैंपियन स्पीड चार्जर्स और पहली बार भाग ले रही अवध ईगल्स ने जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। 2024 की विजेता स्पीड चार्जर्स ने रोमांचक मुकाबले में बीबीडी रेंजर्स को 3-2 से हराकर लगातार दूसरे खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। टीम की ओर से आदित्य प्रताप सिंह और सुशांत मिश्रा ने प्रभावशाली जीत दर्ज की, जबकि मिलिंद शादरा और मोहित यादव की जोड़ी ने निर्णायक अंक हासिल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। बीबीडी रेंजर्स के ध्रुव गोयल और दिव्यांक खन्ना ने सराहनीय प्रदर्शन किया, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके।

# पहले दिन भाषा व अटल विवि का जलवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्यपाल ने किया चांसलर कप का शुभारंभ

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में शनिवार को जन भवन प्रांगण में चांसलर कप इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। नौ मार्च तक चलने वाले इस 12-12 ओवर के रोमांचक टूर्नामेंट में लखनऊ के आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ जन भवन की टीम भी हिस्सा ले रही है। आयोजन का उद्देश्य विश्वविद्यालयों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करना और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।



टूर्नामेंट के पहले दिन मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। पहले मैच में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने 150 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और 48 रनों से मुकाबला हार गई।

दूसरे मैच में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय ने 114 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) की टीम 83 रनों पर सिमट गई, जिससे अटल विश्वविद्यालय ने शानदार जीत दर्ज की।

तीसरे मुकाबले में डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय ने संजय गांधी पीजीआई (68 रन) को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं चौथे मैच में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ने 148 रनों के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय को हराकर जीत अपने नाम की।

टूर्नामेंट का संचालन जेपी पांडेय और अशोक देसाई के देखरेख में किया जा रहा है। पहले दिन के मुकाबलों ने दर्शकों में खासा उत्साह भर दिया और आगामी मैचों के लिए रोमांच बढ़ा दिया है।

# विकसित भारत के लिए नवाचार जरूरी : शर्मा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एकेटीयू में 'सविष्कार स्टार्टअप संगम' का हुआ आरंभ

**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 'सविष्कार' आयाम का दो दिवसीय 'सविष्कार स्टार्टअप संगम 2026' प्रारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने युवाओं से पारंपरिक सोच से बाहर निकलकर नवाचार और उद्यमिता को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा यदि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो अभिभावकों और समाज को युवाओं के स्टार्टअप सपनों को समर्थन देना होगा।


उदघाटन सत्र को संबोधित करते ग्रामीण विकास व ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत की प्राचीन उद्यम परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है और कैंपसों से 'डिग्रीधारक' नहीं, 'समस्या समाधानकर्ता' निकलने चाहिए। उन्होंने युवाओं को 'जॉब सीकर' नहीं, 'जॉब क्रिएटर' बनने का संदेश दिया।

दो दिवसीय सम्मेलन में 9 तकनीकी सत्रों के माध्यम से उद्यमिता, स्टार्टअप इकोसिस्टम, महिला नेतृत्व, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन जैसे विषयों पर चर्चा होगी। आईआईएम लखनऊ इनक्यूबेशन सेंटर, विभिन्न एआई स्टार्टअप्स तथा शिक्षा-तकनीक कंपनियों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे। महिला नेतृत्व पर 'लीड हर शिप' तथा तकनीकी भविष्य पर 'ह्यूमन-मशीन लर्निंग' जैसे सत्र विशेष आकर्षण रहे।

दिन भर के बौद्धिक विमर्श के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 'भजन क्लबिंग' और 'ओपन माइक' का आयोजन किया गया। सम्मेलन का समापन रविवार को विभिन्न संवाद सत्रों के साथ होगा। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

# चार दिवसीय ध्रुपद गायन कार्यशाला का समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में चल रही चार दिवसीय ध्रुपद गायन कार्यशाला शनिवार को सम्पन्न हो गई। इन चार दिनों में विद्यार्थियों ने ध्रुपद की गूढ़ साधना और स्वर-अनुशासन का प्रशिक्षण लिया।


भातखंडे विवि में आयोजित कार्यशाला में बोलतीं प्रो. मधु भट्ट तैलंग। अमृत विचार

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में पंडित विष्णु नारायण भातखंडे पीठ के अंतर्गत गायन विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय ध्रुपद कार्यशाला में विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा संगीत प्रेमियों को ध्रुपद गायन की पारम्परिक साधना, उसके सैद्धान्तिक आधार और व्यावहारिक प्रस्तुति से गहराई से परिचित होने का अवसर मिला।

कार्यशाला के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, गायन विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर, तालवाद्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार मिश्र, सहायक आचार्य (नृत्य) डॉ. रुचि खरे सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

ध्रुपद की चार दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रो. मधु भट्ट तैलंग ने शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को ध्रुपद गायन की परम्परागत शैली, स्वर-साधना, आलाप की संरचना, ताल-व्यवस्था तथा रियाज़ की अनुशासित पद्धति के विविध आयामों का सप्रयोग प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने ध्रुपद की गम्भीरता, स्वर की शुद्धता तथा साधना की निरन्तरता के महत्व पर विशेष बल देते हुए विद्यार्थियों को इसके सूक्ष्म एवं गूढ़ पक्षों से अवगत कराया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं समर्पण के साथ भाग लेते हुए ध्रुपद की पारम्परिक प्रस्तुति शैली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि ध्रुपद भारतीय शास्त्रीय संगीत की अत्यंत प्राचीन और गरिमामयी परम्परा है, जो हमारी सांगीतिक संस्कृति की गहराई और आध्यात्मिकता का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने इस कार्यशाला के सफल संपन्नता के लिए विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित प्रो. मधु भट्ट तैलंग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके गहन ज्ञान, अनुभव एवं सप्रयोग प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को ध्रुपद की परम्परा को समझने का अमूल्य अवसर प्राप्त हुआ।

## सिटी डायरी


कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व मेडिकल स्टॉफ।

### विज्ञान में महिलाओं के योगदान पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के माइक्रोबायोलॉजी विभाग एवं अनुसंधान इकाई की ओर से विभाग के सेमिनार कक्ष में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 मनाया गया। इस वर्ष का आयोजन राष्ट्रीय थीम विकसित भारत को उत्प्रेरित करतीं विज्ञान में महिलाएं पर आधारित रहा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, बीबीनगर की निदेशक प्रो. अमिता अग्रवाल ने अपने करियर की प्रेरक यात्रा साझा करते हुए छात्रों को समर्पण, परिश्रम और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व से अवगत कराया। प्रो. अमिता ने बताया समारोह को वैज्ञानिक इंटरैक्टिव सत्र के रूप में तैयार किया गया, जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना, दैनिक जीवन में विज्ञान की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवा शोधकर्ताओं को उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करना था। थीम विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की उत्प्रेरक के माध्यम से महिला वैज्ञानिकों के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया गया।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकाएं और छात्राएं।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवयुग कन्या महाविद्यालय में विज्ञान संकाय एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन समिति के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। समारोह सीआईपीईटी, लखनऊ के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. राजेश पांडा ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण और सतत विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और सस्टेनेबल सर्कुलर इकॉनमी की अवधारणाएं समझाईं। कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमश : निकिता सिंह, प्रतिष्ठा मिश्रा और अंशिका शर्मा को दिए गए। गणित एवं सांख्यिकी विभाग ने फन स्टॉल्स और तार्किक गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान में रचनात्मकता प्रदर्शित की।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** झांसी के शारदा देवी डिग्री कॉलेज में दो दिवसीय आरएसएमटीएसएफ-2026 (रोल ऑफ साइंस मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर) अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। यह सम्मेलन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एसोसिएशन फॉर इन्वायरमेंट एंड साइंस मथुरा, और बुंदेलखंड इन्वायरमेंट अवर्नेस एंड डेवलपमेंट सोसाइटी, झांसी के तत्वावधान में हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया। 150 से अधिक शोधार्थियों शोध-पत्र प्रस्तुत किए। उद्घाटन समारोह में वीके सहगल, एके श्रीवास्तव, प्रो. अर्चना वर्मा, प्रो. टीके शर्मा और डॉ. विजय कुमार यादव मौजूद रहे।



बेस्ट स्टॉल अवॉर्ड 2026 से सम्मानित होते इंटीग्रल विश्वविद्यालय के पदाधिकारी।

### इंटीग्रल विवि को बेस्ट स्टॉल अवॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के इंटीग्रल विश्वविद्यालय को एग्रोटेक 2026 में "बेस्ट स्टॉल अवॉर्ड 2026" से सम्मानित किया गया है। आईसीएआर-इंडियन शुगरकेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उक्त पुरस्कार प्रदान किया। विश्वविद्यालय के चांसलर एवं संस्थापक प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर ने विश्वविद्यालय को बधाई दी।

## आयोजन

**एलुमनी मीट 2026 में पूर्व छात्रों ने बांटे इंडस्ट्री के अनुभव**

# मोनाली की आवाज पर थिरक उठा महर्षि विश्वविद्यालय परिसर


मंच पर प्रस्तुति देती प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर मोनाली ठाकुर।


उत्साह और उमंग से शोर मचाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इन्फोमेशन टेक्नोलॉजी में आयोजित एलुमनी मीट 2026 पूर्व छात्रों के अनुभव के साथ गीत-संगीत का संगम बन गया। प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर मोनाली ठाकुर ने युवाओं को अपने शानदार कंसर्ट से घंटों तक झुमाया। पूरा विश्वविद्यालय परिसर संगीत की धुनों पर थिरकते युवाओं और रंग बिरंगी रोशनी से डूबा रहा। श्री गणेश अर्चना से शुरू हुआ उनका प्रदर्शन नाचूं मैं आज छम ..छम प्रस्तुति ने नई पीढ़ी के युवाओं के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया। बॉलीवुड की मशहूर गायिका मोनाली ठाकुर के लाइव कॉन्सर्ट में जैसे ही गानों की धुन बजी पूरा परिसर तालियों और से गूंज उठा। इस दौरान युवाओं भीड़ और उनके उत्साह को नियंत्रित रखने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। बीओजी मेंबर राहुल भारद्वाज ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई दी। इस कार्यक्रम के मौके पर कुलपति भानु प्रताप सिंह, कुलसचिव गिरीश छिमवाल ने सभी को बधाई दी।

देशभर से पहुंचे करीब 500 से अधिक पूर्व छात्रों ने आईटी, मीडिया, मैनेजमेंट, फाइनेंस और अन्य क्षेत्रों में में कार्यरत बताया कि व्यवसायिक जीवन की वास्तविक चुनौतियां क्या होती हैं ।